**23/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयिजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। फिल्म निर्माण, कहानी कहने और अभिनय में उत्कृष्टता के लिए विभिन्न श्रेणियों में ये पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर, दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म **'12th फेल'** को दिया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का पुरस्कार **'कथल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री'** को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में, अभिनेता शाहरुख खान को उनकी फिल्म जवान के लिए और अभिनेता विक्रांत मैसी को 12th फेल के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म **'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे'** में उनके अभिनय के लिए दिया गया।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने के-मेह-हा उत्सव के पूर्व संध्या परा आज राज्य वासियों, खासकर इदु मिश्मी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह त्योहार समाज में समृद्धि और शांति लेकर आएगा।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में हमेशा से खेती यहां की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है, जिसने हमारे जीवन जीने के तरीके को आकार देते हुए हमारी परंपराओं को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपराओं पर गर्व करना चाहिए, अपने पूर्वजों के ज्ञान का सम्मान और इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में, मुख्य सचिव ने जोर देकर कहा कि सभी सतर्कता मामलों का उचित रिकॉर्ड रखा जाए, उनकी नियमित निगरानी की जाए और संबंधित विभाग उनका फॉलो-अप करें। उन्होंने जांच अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय पर जांच पूरी कर रिपोर्ट जमा करें, ताकि मामलों का निपटारा बिना किसी अनावश्यक देरी के हो सके।

0000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज जी-एक्सटेंशन मार्केट नाहरलगुन में दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की और उन्हें जीएसटी की बचत ग्राहकों तक पहुँचाने एवं स्वदेशी उत्पादों को चुनकर स्वदेशी को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उप-मुख्यमंत्री ने कल केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ ईटानगर के आकाशदीप मार्केट में 7 दिवसीय जीएसटी बचत

उत्सव का शुभारंभ किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी के लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचे और अरुणाचल प्रदेश में 'गौरव से कहो, यह स्वदेशी है' का संदेश देकर स्वदेशी भावना को बढ़ावा मिले।

0000000000000000000000000

राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग ने आज युपिया में राज्य पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र और जिला पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र का उद्‍घाटन किया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वित्त पोषित इन नए भवनों में पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों को प्रशिक्षण और क्षमता विकास प्रदान किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर शासन मजबूत होगा। इस अवसर पर पंचायत भवनों के लिए कंप्यूटर भी वितरित किए गए।

0000000000000000000000000

ICR उपायुक्त, तोको बाबू ने मुख्य सचिव की ओर से आज राज्य सरकार के मुख्य सचिव, डीजीपी, कमिश्नर्स, सचिवों और विभाग प्रमुखों को सोमवार को ईटानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संपन्न कराने में उनके कुशल मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस बीच, जिला प्रशासन ने डिप्टी कमिश्नर, पापुम पारे एसपी, तारू गुसार, प्रशासनिक अधिकारियों, दूरदर्शन केंद्र, राजधानी प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी लोगों को भी धन्यवाद दिया।

0000000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री, बियुराम वाहगे ने आज सेइजोसा में जीएसटी बचत उत्सव का शुभारंभ किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, स्वास्थ्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के तहत जीएसटी में कमी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक ऐतिहासिक देन है, जिससे आम लोगों को अधिकतम लाभ होगा।

0000000000000000000000

गुमतो में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान शुरू हो गया है, जो स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के दो हफ़्ते लंबे उत्सव 'स्वच्छोत्सव' की शुरुआत है। यूपिया के पीएचई एंड डब्ल्यूएस डिवीजन द्वारा आयोजित यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जो महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ भविष्य बनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है।